*This Question Paper contains 8 printed pages.*
*(Sections - A, B, C & D)*

Sl.No.

# 02(H)

**(MARCH, 2024)**

---

*Time : 3 Hours]* *[Maximum Marks : 80*

**सूचनाएँ :**

1) हस्तलेखन को स्पष्ट लिखिए।
2) इस प्रश्नपत्र में चार विभाग हैं A, B, C और D एवं कुल 1 से 55 प्रश्न हैं।
3) **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं, आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।**
4) दाहिनी ओर प्रश्न के अंक दिये गए हैं।
5) सूचना के अनुसार आकृतियाँ स्वच्छ, स्पष्ट और उचित प्रमाण में बनाएँ।
6) नया विभाग नये पन्ने पर लिखिए। प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दीजिए।

---

## विभाग – A [25]

## गद्यविभाग

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए ।** [5]

1) किसकी मूर्ति दो फुट ऊँची थी?
   (A) लेखक की
   (B) नेताजी की
   (C) विद्यार्थी की
   (D) पानवाले की

2) पुत्रवधू किसे छोड़कर जाना नहीं चाहती थी?
   (A) भगत
   (B) पति
   (C) परिवार
   (D) देवर

3) यशपाल स्वाधीनता संग्राम की क्रान्तिकारी धारा से जुड़ाव के कारण कहाँ गये थे?

(A) घर

(B) ससुराल

(C) जेल

(D) गाँव

4) रामवृक्ष बेनीपुरी का जन्म भारत के किस राज्य में हुआ था?

(A) राजस्थान

(B) यू.पी.

(C) एम.पी.

(D) विहार

5) लेखिका की वड़ी वहन का नाम क्या था?

(A) सुशीला

(B) कमला

(C) अनीता

(D) प्रभा

■ **निम्नलिखित रचनाकारों को उनकी रचना के साथ जोड़िए।** [5]

| रचनाकार | रचना |
| --- | --- |
| 6) मन्नू भंडारी | अ) नौवत खाने में इवादत |
| 7) यतीन्द्र मिश्र | व) एक कहानी यह भी |
| 8) यशपाल | क) नेताजी का चश्मा |
| 9) स्वयंप्रकाश | ड) लखनवीं अन्दाज |
| 10) रामवृक्ष वेनीपुरी | य) संस्कृति |
| | र) वालगोविन भगत |

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए।** [2]

11) विस्मिल्लाखाँ का वचपन का नाम क्या था?

12) नवाव साहव ने ख़ीरों के सिर को किससे काटा था?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए।** [6]

13) अमीरूद्दीन का जन्म कहाँ कैसे परिवार में हुआ था?

14) वालगोविन भगत किस कद के कैसे आदमी थे?

15) भगत किसको साहव मानकर क्या करते-करते उनके आदेशों पर चलते थे?

16) लखनऊ स्टेशन पर खीरा वेचने वालों के इस्तेमाल का तरीका क्या है?

■ **निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर छः-सात वाक्यों में लिखिए।** [4]

17) पानवाला कैसा आदमी था? वह हालदार साहव का प्रश्न सुनकर क्या वोला?

अथवा

17) आग की खोज एक वहुत बड़ी खोज क्यों मानी जाती है?

■ **निम्नलिखित गद्यांश की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए।** [3]

18) "मानव की जो योग्यता उससे आत्मविनाश के साधनों का आविष्कार कराती है, हम उसे संस्कृति कहें या असंस्कृति"?

अथवा

18) "फटा सुर न बख्शें। लुंगिया का क्या है? आज फटी है तो कल सिल जायेगीं।"

## विभाग - B

[25]

## पद्यविभाग

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए ।** [5]

19) परशुराम के क्रोध का कारण क्या था?
   (A) शिव धनुष टूटना
   (B) राम का व्यवहार
   (C) जनक से मिलना
   (D) विश्वामित्र से मिलना

20) गोपियाँ राजनीति पढ़ने की वात किसके लिए करती हैं?
   (A) उद्धव
   (B) कृष्ण
   (C) वलराम
   (D) सुदामा

21) पुरइनिपात किसके भीतर रहता है?
   (A) जल
   (B) विल
   (C) माँद
   (D) गुफा

22) सूरदास जी ने 'अवला' किसे कहा है?
   (A) उद्धव
   (B) गोपियाँ
   (C) वलराम
   (D) यमुना

23) 'भृगुसुत' किसके लिए कहा गया हैं?
   (A) राम
   (B) कृष्ण
   (C) परशुराम
   (D) लक्ष्मण

**कोष्ठक में दिए गये विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए । [5]**

24) कवि ने .............. वड़भागी कहा है। (उद्धव, कृष्ण, गोपी)

25) ............. का जन्म राजापुर गाँव में हुआ था? (तुलसीदास, सूरदास, मीरा)

26) हे देव! हमारे लिए तो सभी धनुष समान हैं .............. ने कहा है। (राम, लखन, परशुराम)

27) गुनगुनाकर कौन अपनी वात कह जाता है? (मधुप, कोयल, कौआ)

28) कवि ........... को गरजने को कहता है। (बादल, शेर, चीता)

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए । [2]**

29) विश्वामित्र के साथ जनकपुर कौन-कौन गये थे?

30) गोपियों ने हारिल की लकड़ी किसको कहा है?

**निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए । [6]**

31) वच्चे की दन्तुरित मुसकान का कवि के मन पर क्या प्रभाव पड़ता है?

32) वच्चे की मुसकान और वड़े व्यक्ति की मुसकान में क्या अन्तर है?

33) संगतकार किन-किन रूपों में मुख्य गायक की मदद करता है?

34) गोपियों के अनुसार राजधर्म क्या होना चाहिए?

---

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर छः-सात वाक्यों में लिखिए ।** [4]

35) कवि ने बच्चे की मुसकान के सौन्दर्य को किन-किन बिम्बों के माध्यम से व्यक्त किया है?

अथवा

35) कवि के अनुसार फसल क्या है?

■ **निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भसहित व्याख्या कीजिए ।** [3]

36) छोड़कर तालाब मेरी झोंपड़ी में खिल रहे जलजात ।

अथवा

36) बिहसि लखनु बोले मृदु बानी । अहो मुनीसु महाभटमानी ।।

पुनि-पुनि मोहि देखाव कुठारू । चहत उड़ावन फूँकि पहारू ।।

## विभाग - C [15]

## व्याकरण विभाग

■ **निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए ।** [2]

37) हवा

38) आसमान

■ **निम्नलिखित सामासिक शब्दों का विग्रह करके समास का नाम लिखिए ।** [2]

39) राजा-रानी

40) त्रिभुवन

■ **निम्नलिखित शब्द समूह के लिए एक शब्द लिखिए।** [2]

41) जो पढ़ा लिखा न हो -

42) जिसकी पत्नी मर गयी हो पुरूष -

■ **निम्नलिखित वाक्यों में से निपात ढूँढकर लिखिए।** [2]

43) मैं तो रात भर पढ़ता हूँ।

44) रमेश तुम भी पढ़ो।

■ **निम्नलिखित वाक्यों में से क्रियापद ढूँढकर लिखिए।** [2]

45) दिनेश रोता है।

46) परशुराम पर राम ने क्रोध नहीं दिखाया।

■ **निम्नलिखित कहावत का अर्थ लिखिए।** [1]

47) आम के आम गुठलियों के दाम

■ **निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।** [4]

48) आग बबूला होना

49) नौ दो ग्यारह होना

# लेखनविभाग

50) सरस्वती विद्यालय वड़ोदा, में रिक्त हिन्दी शिक्षकपद हेतु आवेदनपत्र लिखिए । [3]

■ **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूँछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** [4]

महाराष्ट्रीय महिलाओं की तरह धोती लपेट, कच्छ बाँधे दुलारी दनादन दंड लगाती जा रही थी । उसके शरीर से टपकटपक कर गिरी बूँदों से भूमि पर पसीने का पुतला बन गया था । कसरत समाप्त करके उसने चारखाने के अँगोछे से अपना बदन पोंछा, बँधा हुआ जूड़ा खोलकर सिर का पसीना सुखाया और आदमकद आईने के सामने खड़ी होकर पहलवानों की तरह गर्व से अपने भुजदण्डों पर मुग्ध दृष्टि फेरते हुए प्याज के टुकड़े और हरी मिर्च के साथ उसने कटोरी में भिगोये हुए चने चबाने आरंभ किए ।

**प्रश्न :**

51) दुलारी दंड कैसे लगाती थी?

52) शरीर से टपककर गिरी बूँदों से भूमि पर क्या बन गया था?

53) कसरत समाप्त करके उसने कैसे अँगोछे से बदन पोंछा?

54) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए ।

55) **निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए ।** [8]

अ) मेरा प्रियखेल

ब) वैश्विक युद्ध का प्रभाव

क) प्रदूषण एक विकट समस्या

ड) विज्ञान वरदान या अभिशाप